26/02/2025

आकाशवाणी ईटानगर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्रपति ने प्रार्थना की कि परमपिता परमेश्वर महादेव का आशीर्वाद सभी नागरिकों पर बना रहे और भारत प्रगति के पथ पर आगे बढ़ता रहे। इस बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज देशवासियों को महाशिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने प्रार्थना की कि भगवान शिव को समर्पित यह दिव्य अवसर नागरिकों के लिए सुख, समृद्धि और अच्छा स्वास्थ्य लेकर आए। प्रधानमंत्री ने आशा व्यक्त की कि यह त्योहार एक विकसित भारत के संकल्प को भी मजबूत करता है।

0000000000000000000000

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि सांस्कृतिक विरासत संरक्षित करने में त्योहारों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने अरूणाचल प्रदेश में कामले जिले के बोआ-सिमला में आज पहली बार संयुक्त मेगा न्योकुम युल्लो समारोह में ये बात कही। श्री धनखड़ ने कहा कि भारत दुनिया में सबसे तेजी से विकास करने वाला देश है। उन्होंने आर्थिक विकास, बुनियादी ढांचे के विकास और सामाजिक कल्याण योजनाओं में देश की उल्लेखनीय प्रगति पर बल दिया। अरुणाचल प्रदेश की जलविद्युत क्षमता के बारे में उपराष्ट्रपति ने कहा कि राज्य में 50 हजार मेगावाट जलविद्युत उत्पादन की क्षमता है।

कार्यक्रम में केंद्रीय संसदीय कार्य और अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अरुणाचल प्रदेश में नया बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि जल्द ही पूरा होने वाला ट्रांस-अरुणाचल हाईवे राज्य के हर जिला मुख्यालय को जोड़ेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने राज्य में बयालीस हजार करोड़ रुपये की फ्रंटियर हाईवे परियोजना को मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि यह भारत की पहली सड़क परियोजना है जिसे इतने बड़े पैमाने पर मंजूरी दी गई है।

0000000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने कल नई दिल्ली में प्रतिष्ठित ईटी नाउ बिजनेस कॉन्क्लेव एंड अवार्ड्स 2025 में भाग लेते हुए कहा है कि, अरुणाचल प्रदेश एकमात्र ऐसा राज्य है जो आतंकवाद से अप्रभावित है, जिससे क्षेत्र में विकास संभव हो पा रही है। सभा को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने राज्य सरकार द्वारा शुरू की ईज़ ऑफ़ डूइंग बिज़नेस पहलों पर प्रकाश डाला। उन्होंने राज्य में निवेश के अवसरों को रेखांकित किया और व्यवसायों के लिए इसके अनूठे लाभों पर जोर दिया। उन्होंने राज्य के हर गांवों तक सड़क नेटवर्क के विस्तार और 4 जी कनेक्टिविटी के प्रावधान सहित प्रमुख बुनियादी ढांचे की प्रगति को भी रेखांकित किया। राज्य की पर्यटन क्षमता पर बोलते हुए राज्यपाल ने इको-टूरिज़्म, धार्मिक पर्यटन और साहसिक पर्यटन सहित विविध पर्यटन अवसरों पर प्रकाश डाला तथा इस क्षेत्र को आंट्रप्रनर्शिप एवं पार्टनर्शिप के लिए एक खास अवसर के रूप में स्थापित किया।

0000000000000000000

मुख्य सचिव मनीष कुमार गुप्ता ने न्योकुम युल्लो के अवसर पर शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री गुप्ता ने कहा, यह त्योहार हमारी समृद्ध परंपराओं और हमारे समुदाय की एकता का प्रतिक है। उन्होंने कहा है कि यह त्योहार सभी के लिए खुशी और समृद्धि लाए। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने भी न्यीशी समुदाय सहित सभी राज्य वासियों को न्योकुम युल्लो के अवसर पर शुभकामनाएं दी हैं। आज एक सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से श्री खांडू ने इस बात पर प्रकाश डाला कि, न्योकुम उत्सव हमारी परंपराओं, एकता और प्रकृति के प्रति श्रद्धा का उत्सव है। उन्होंने आने वाली पीढ़ियों के लिए अपनी अमूल्य परंपराओं को जारी रखने, संरक्षित करने और बढ़ावा देने की अपील की है। इस बीच, उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने भी न्योकुम युल्लो के खुशी के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

0000000000000000000

उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने आज क्रा दादी जिले के यांगते सर्कल में सिल्वर जुबली न्योकुम युलो समारोह में भाग लेते हुए आदिवासी स्थानीय भाषा, रीति-रिवाजों और परंपराओं को बढ़ावा देने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि की है और राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और संवर्धन के लिए निरंतर समर्थन का आश्वासन दिया। यह कार्यक्रम केंद्रीय न्योकुम युलो समारोह के 25 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। उपमुख्यमंत्री ने उनकी सांस्कृतिक पहचान को संरक्षित करने के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि "न्योकुम युलो एक त्योहार से कहीं अधिक है; यह एक जीवित विरासत है, पीढ़ियों से चली आ रही एक पुश्तैनी धरोहर है।

यह हमें अपनी विरासत को सुरक्षित रखने के महत्व की याद दिलाता है, जो परिभाषित करती है कि हम कौन हैं"। इस अवसर पर, श्री मैन ने 'आने यांगते मोर-पले' नामक एक उत्सव स्मारिका भी जारी की।

0000000000000000000000000

रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ वर्ल्ड एंसिएंट ट्रेडिश्न्स कल्चर एण्ड हेरिटेज (RIWATCH) ने आदि अगोम केबांग और इदु-मिश्मी कल्चरल एण्ड लिटरेरी सोसायटी के सहयोग से हाल ही में “आधुनिक सामाजिक-सांस्कृतिक संदर्भ में मातृभाषा का महत्व” थीम पर रोईंग स्थित सेंट्रल रेहको, चेता में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस का आयोजन किया। आयोजन का उद्देश्य स्वदेशी भाषाओं को बढ़ावा देना था। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण एक इंटरैक्टिव सेशन था, जिसमें छात्रों से उनकी मातृभाषा में प्रश्न पूछे गए। इस सत्र में मातृभाषाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को सुनिश्चित करने के लिए उनके निरंतर उपयोग की आवश्यकता पर जोर दिया गया।

0000000000000000000000000